रविवार

30 अक्टूबर 2022

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




डेंगू अलर्ट : 82 सैंपल में से 75 के रिपोर्ट प्राप्त, 50 में डेंगू की पुष्टि 4

**अवकाश की सूचना**

छठ महापर्व को लेकर रविवार को अवकाश रहेगा। इसलिए अगला अंक मंगलवार को उपलब्ध होगा।

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## खरना का प्रसाद ग्रहण करने के साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू, पहला अर्घ्य आज



बक्सर में शनिवार को गंगा में स्नान करने के बाद एक-दूसरे को सिंदूर लगाती महिलाएं



डुमरांव में खरना का प्रसाद बनाती महिलाएं



डुमरांव में छठ पूजा को लेकर छठिया पोखरा पर बना भव्य प्रवेश द्वार फोटो : मनीष कुमार

**बक्सर।** लोक आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन शनिवार को व्रतियों ने खरना अनुष्ठान करने के बाद सूर्यदेव की पूजा की। इसके बाद गुड़ और दूध से बनी खीर व पूड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। रविवार को छठव्रती अस्ताचलगामी सूर्यदेव को अर्घ्य देंगी। वहीं अगले दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय महापर्व छठ का समापन होगा। बक्सर जिले के डुमरांव में छठ पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में अलग ही उत्साह नजर आता है। इस उत्साह की खास वजह यह भी है कि यहां छठिया पोखरा पर होनेवाली पूजा कई मायने में सबसे अलग है। विभिन्न कमेटियां मिलकर इस पूजा को भव्य और आकर्षक बनाती हैं। इस बार भी यहां आनेवाले छठव्रतियों को इसी भव्यता का अहसास होगा। विभिन्न कमेटियों ने मिलकर चारों ओर से घाट को झिलमिलाती रोशनी, सैकड़ों एलइडी लाइट से सजाया है। छठव्रतियों के आने-जानेवाले रास्तों पर कालीन बिछाया गया है। घाट पर आकर्षक पंडाल बना सूर्यदेव, कार्तिक व अन्य देवताओं की विशाल प्रतिमा स्थापित की गई है। ये प्रतिमाएं सभी के आकर्षण का केंद्र रहती हैं। छठ पूजा पर ऐसी साज सज्जा कम ही देखने को मिलती है। शनिवार को छठ पूजा को लेकर बाजारों में फल, दउरा, पूजा के सामान, कपड़ा आदि खरीदने के लिए लोगों की भीड़ रही। पिछले दो साल से कोरोना की मार के कारण बाजार की रंगत फीकी नजर आयी थी, लेकिन इस बार खरीदारों से भरे बाजार यह बता रहे हैं कि छठ पूजा को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। हर कोई अपनी जरूरत के अनुसार खरीदारी कर रहा है। इससे पहले दोपहर में बक्सर के गंगा तट पर स्नान करने और गंगाजल भरने के लिए व्रतियों की भीड़ लगी रही। इस बार रविवार को छठ पड़ रहा है, इसलिए इसकी महत्ता और बढ़ गयी है। रविवार को भगवान सूर्य की पूजा का दिन माना गया है। वर्षों बाद ऐसा संयोग है कि छठ महापर्व रविवार को पड़ रहा है।

## छोटी खबरें

### दिल्ली में इंडिगो के विमान के इंजन में लगी आग

**दिल्ली।** दिल्ली से शुक्रवार की रात करीब 10 बजे बेंगलुरू के लिए उड़ान भरने की तैयारी कर रहे इंडिगो के एक विमान के एक इंजन में आग लग गई। जैसे ही इसकी सूचना मिली विमान को उड़ने से रोक दिया गया। इसके बाद इसमें सवार सभी 180 यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। इसके बाद सभी यात्रियों को दूसरे विमान से बेंगलुरू भेजा गया। विमान में आग लगने की घटना के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर आपातकाल स्थिति घोषित कर दी गई थी। इस बीच नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने बयान जारी कर इस घटना की पुष्टि की है। डीजीसीए ने कहा कि इस दौरान एक धमाका भी सुना गया। इसके बाद आग बुझाने की बोतल को डिस्चार्ज कर दिया गया। इस फ्लाइट को निरीक्षण के लिए रखा गया है। डीजीसीए ने यह भी बताया कि इंजन फेल होने के कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जाएगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पटना जंक्शन पर खोले गए सभी अनारक्षित टिकट काउंटर

**पटना।** छठ महापर्व को लेकर पटना जंक्शन पर भीड़ को देखते हुए अभी आरक्षित व अनारक्षित काउंटर खोल दिए गए हैं। सीनियर डीसीएम ने बताया कि स्पेशल ट्रेनों में यात्रियों का सफर सुरक्षित ढंग से व सुगम रूप से कराने पर विशेष जोर है। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर की दोपहर बाद से ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ेगी, इसको देखते हुए काउंटरों से लेकर बाकी जगहों पर सभी जरूरी तैयारी की जा रही है। उधर, शनिवार को पटना जंक्शन के सभी अनारक्षित टिकट काउंटर को खोला गया। जंक्शन पर कुल 22 टिकट काउंटर को खोलकर यात्रियों को सुविधा प्रदान की गई है। साथ ही आरपीएफ की ओर से प्लेटफॉर्म से लेकर स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया व दूसरी जगहों पर गश्ती की जा रही है।

### राजद के संरक्षण में चल रहा शराब का अवैध व्यापार

**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने आरोप लगाया है कि बिहार में राजद के संरक्षण में शराब का अवैध व्यापार चल रहा है और उसी कारण शराबबंदी विफल हो रही है। यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार की मजबूरी है कि वह राजद के आपराधिक कारनामों पर ध्यान न दें। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि राज्य में बालू खनन का अवैध कारोबार भी राजद के माफियाओं के संरक्षण में चल रहा है। कहा, आए दिन बालू घाटों पर गोलीबारी, लोगों की हत्या एवं सरकारी आदेशों को धता बताकर अवैध खनन इन माफियाओं की दिनचर्या बन गयी है। कहा कि इन अपराधियों और माफियाओं के कारनामों पर सरकार की खामोशी विस्मयकारक है।

# साइबर अपराध रोकने के लिए हर जिले में खुलेगा साइबर थाना : योगी

## युपी में बदलाव की तैयारी: गृह विभाग के अधिकारियों के साथ सीएम ने की बैठक

- मादक पदार्थों के अवैध निर्माण, खरीद-फरोख़्त और ड्रग ट्रैफिकिंग के विरुद्ध अभियान को और तेज करने की जरूरत
- सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे, पिंक टॉयलेट, बसों में पैनिक बटन आदि की कार्ययोजना तैयार करे विभाग

**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए कड़ा रुख अख्तियार किया है। उन्होंने गृह विभाग को निर्देश देते हुए कहा है कि प्रदेश के सभी जिलों में साइबर क्राइम थाने की स्थापना की जाए। आज के समय में साइबर सुरक्षा अहम विषय है। इस बारे में जल्द-से-जल्द विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करें। साइबर क्राइम पर लगाम लगाने के लिए अब यह समय की मांग है।

सीएम योगी ने कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के संकल्प की पूर्ति में सेफ सिटी परियोजना अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। प्रदेश में इस परियोजना के माध्यम से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत मॉडर्न कंट्रोल रूम, पिंक पुलिस बूथ, आशा ज्योति केंद्र, सीसीटीवी कैमरे, महिला थानों में परामर्शदाताओं के लिए हेल्प डेस्क, बसों में पैनिक बटन व अन्य सुरक्षा उपायों को लागू करने में सहायता मिली है। शनिवार को गृह विभाग के साथ बैठक के दौरान उन्होंने ये बातें कहीं। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में मादक पदार्थों के अवैध निर्माण, खरीद-फरोख़्त और ड्रग ट्रैफिकिंग के विरुद्ध अभियान को और तेज करने की आवश्यकता है। इस दृष्टि से संवेदनशील जिलों में सतर्कता और इंटेलिजेंस को और बेहतर करना होगा। अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बढ़ाई जाए। गृह विभाग के साथ-साथ नगर विकास व ग्राम्य विकास विभाग को भी इस अभियान में सहयोग करना होगा। बेहतर समन्वय के साथ ड्रग माफिया के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



### फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट का निर्माण कार्य तेज करें

सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ में निमार्णाधीन फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट के कार्य तेजी से पूरा किया जाए। गांधीनगर, गुजरात स्थित नेशनल फॉरेंसिक यूनिवेसर्टी के सहयोग से यहां के लिए सर्टिफिकेट, डिप्लोमा व डिग्री पाठ्यक्रम तैयार कराए जाएं।

### महिला सुरक्षा व अपराध नियंत्रण में सीसीटीवी की भूमिका अहम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के समय में महिला सुरक्षा व अपराध नियंत्रण में सीसीटीवी कैमरों की महत्वपूर्ण भूमिका का हम सभी ने अनुभव किया है। वर्तमान में स्मार्ट सिटी परियोजना अंतर्गत स्थापित इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से शहरों की सुरक्षा व्यवस्था स्मार्ट हुई है। बड़ी संख्या में व्यापारियों ने सीसीटीवी कैमरे लगाने में सहयोग किया है। हमें इसे एक मुहिम का रूप देना होगा। अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ कन्वर्जेंस के माध्यम से वित्तीय प्रबंधन करते हुए अधिकाधिक शहरों को सेफ सिटी बनाने की कोशिश करनी होगी। गृह, नगर विकास, आवास, संस्थागत वित्त और राज्य कर विभाग परस्पर बैठक कर जन सहयोग के माध्यम से सभी सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे, पिंक टॉयलेट, बसों में पैनिक बटन आदि सुरक्षा प्रबंध करने की कार्ययोजना तैयार करें। सेफ सिटी परियोजना की उपयोगिता को देखते हुए सभी नगर निगमों तक इसका विस्तार किया जा सकता है। इस संबंध में कन्वर्जेंस को आधार बनाकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए। उत्तर प्रदेश पुलिस देश का सबसे बड़ा नागरिक पुलिस बल है। उत्तर प्रदेश पुलिस अपनी प्रोफेशनल दक्षता, योग्यता और कार्यकुशलता के लिए आज देश-दुनिया में सराहना प्राप्त कर रही है। पुलिस बल के आधुनिकीकरण के लिए सभी जरूरी प्रयास किये जायें। उपकरण की जरूरत हो या ट्रेनिंग की, सभी आवश्यकताओं की पूर्ति तत्काल कराई जाए।

## औरंगाबाद में छठ का प्रसाद बनाने के दौरान सिलिंडर ब्लास्ट, 34 झुलसे

- शाहगंज मुहल्ले में रहनेवाले अनिल गोस्वामी के घर हुई घटना, आग बुझाने के क्रम में सात पुलिसकर्मी भी झुलसे
- दो दर्जन लोगों को बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर किया गया है, 14 की स्थिति गंभीर

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

महापर्व छठ पूजा के उल्लास के बीच बिहार के औरंगाबाद में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां शनिवार की दोपहर करीब ढाई बजे छठ पूजा का प्रसाद बनाने के दौरान गैस सिलिंडर ब्लास्ट कर गया। इससे घर में लगी आग के कारण 34 लोग झुलस गए। आग लगने की सूचना पर पहुंची पुलिस की टीम के जान जवान भी आग बुझाने के क्रम में झुलस गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सभी घायलों को तुरंत सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इनका इलाज चल रहा है। करीब दो घंटे तक मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल रहा। घटना के करीब डेढ़ घंटे बाद अग्निशमन विभाग से दमकल और कर्मी पहुंचे और आग पर काबू पाया।



जानकारी के अनुसार औरंगाबाद के शाहगंज मुहल्ले की है। यहां अनिल गोस्वामी के घर की महिलाएं छठ का प्रसाद बना रही थीं। तभी सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण घर में आग लग गई। आग लगने की खबर मिलते ही आस-पड़ोस के लोग भी आग बुझाने पहुंच गए। इसी बीच सूचना पाकर नगर थाना की पुलिस की गश्ती टीम भी वहां पहुंच गई और पुलिस कर्मी आग बुझाने का प्रयास करने लगे। मगर इसी दौरान सिलिंडर ब्लास्ट कर गया, जिसकी चपेट में सात पुलिसकर्मी समेत कुल 34 लोग आ गये और झुलस गए। फिलहाल घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। गंभीर रूप से घायल दो दर्जन लोगों को बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर किया गया है। 14 की स्थिति गंभीर बताई जाती है। चिकित्सकों के मुताबिक इन सबों का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है और सभी की स्थिति सामान्य है। वहीं जिला प्रशासन ने ऐसे मौकों पर लोगों से सावधान रहने की अपील की है और कहा है कि सावधानी से आगजनी के खतरों को टाला जा सकता है।

## वंदे भारत एक्सप्रेस एक बार फिर दुर्घटनाग्रस्त, सांड से टकराई

**एजेंसी नई/दिल्ली**

कुछ ही हफ्तों में वंदे भारत एक्सप्रेस तीसरी बार दुर्घटना का शिकार हुई है। जानकारी के अनुसार, एक सांड के टकराने से हाई स्पीड ट्रेन का अगला हिस्सा टूट गया। अधिकारियों के अनुसार, ट्रेन शनिवार को मुंबई-मध्य से गुजरात के गांधीनगर जा रही थी। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें ट्रेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। इसके शाम तक ठीक होने की उम्मीद है। मुंबई सेंट्रल डिवीजन में वंदे भारत ट्रेन एक मवेशी से टकरा गई। इस घटना में सांड की मौत हो गई। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर ने एक बयान में कहा, ट्रेन मुंबई सेंट्रल से गांधीनगर की यात्रा पर जा रही थी। सभी यात्री सुरक्षित हैं। घटना सुबह करीब 8:17 बजे बताई जा रही है। घटना के बाद ट्रेन करीब 15 मिनट तक रुकी रही। ट्रेन को कोई नुकसान नहीं हुआ है, सिवाय फ्रंट कोच यानी ड्राइवर कोच के नोज कॉन कवर का हिस्सा टूट गया है। ट्रेन सुचारू रूप से चल रही है। इसे जल्द से जल्द ठीक कर लिया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि पश्चिम रेलवे ने मुंबई सेंट्रल स्टेशन पर इंजन के टूटे हुए हिस्से को ठीक करने के लिए निर्देशित किया है।

## समस्तीपुर में एसबीआई में दिनदहाड़े लूट, सरेराह गोली चलाते भागे लुटेरे

**पटना।** समस्तीपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में शनिवार को भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में दिनदहाड़े अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। कपूरीग्राम स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में आधा दर्जन बदमाशों ने तीन लाख रुपये लूट लिया। इसके साथ ही बैंक आ रही एक महिला ग्राहक के गले से सोने की चेन छीन ली। सबसे बड़ी बात यह है कि बैंक की जिस शाखा में अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है, उसी के बगल में ही जदयू के राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर का घर है। बैंक में लूट की सूचना मिलने के बाद रामनाथ ठाकुर वहां पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। बैंक में डकैती की सूचना मिलने के बाद पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए। इस दौरान किसी ने हेलमेट पहन रखा था तो किसी के चेहरे पर मास्क लगा हुआ था। बैंक में घुसने के बाद बदमाशों ने होमगार्ड जवान नंदलाल राय को अपने कब्जे में पिस्टल के बट से उसके सिर पर मारकर लहुलुहान कर दिया।

## नई तकनीकों से लैस हो रहे आतंकी, रोकने के लिए जल्द कदम उठाना जरूरी: जयशंकर

- दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद निरोधक समिति की विशेष बैठक का दूसरा दिन
- विदेश मंत्री ने किया ऐलान: संयुक्त राष्ट्र फंड में 5 लाख डॉलर की आर्थिक योगदान राशि देगा भारत

**एजेंसी/नई दिल्ली**



संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद निरोधक समिति की विशेष बैठक के दूसरे दिन शनिवार को विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने फिर आतंकवाद को लेकर कड़ा रुख अपनाया। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हाल के सालों में आतंकवादी समूहों ने विशेष रूप से खुले और उदार समाजों में तकनीक तक पहुंच प्राप्त करके अपनी क्षमताओं को बढ़ाया है। आतंकवादी स्वतंत्रता, सहिष्णुता और प्रगति पर हमला करने के लिए खुले समाज की तकनीक, धन और लोकाचार का उपयोग करते हैं। समाज को अस्थिर करने के उद्देश्य से प्रचार, कट्टरता और षड्यंत्र के सिद्धांतों को फैलाने के लिए इंटरनेट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आतंकवादियों और आतंकवादी समूहों के टूलकिट में शक्तिशाली उपकरण बन गए हैं।

### आतंकवाद जैसे खतरे से निपटना जरूरी

उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता के ऊपर सबसे बड़े खतरों में से एक है। यूनेस्को ने पिछले 2 दशकों में आतंकवाद जैसे खतरे से निपटने के लिए मुख्य रूप से आतंकवाद विरोधी प्रतिबंध व्यवस्था के आसपास निर्मित एक महत्वपूर्ण वास्तुकला विकसित की है। जयशंकर ने कहा कि भारत का अपना अनुभव बताता है कि 2008 के मुंबई आतंकी गुटों ने हमले में वीओआईपी तकनीक का इस्तेमाल किया गया। वहीं, हाल के दिनों में यह आतंकी गुट सीमा पार से ड्रग्स, हथियार भेजने और आतंकी हमलों को अंजाम देने के लिए ड्रोन, क्वाडकॉप्टर का इस्तेमाल कर रहे हैं। नई तकनीकों के आतंकी इस्तेमाल को रोकने के लिए जल्द कदम उठाएं जाने की जरूरत है।

### पहले दिन चीन-पाक को लिया था आड़े हाथ

पहले दिन हुई बैठक में भी विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद को लेकर अपना रोष जाहिर किया था। उन्होंने इस दौरान चीन और पाकिस्तान को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति, सुरक्षा और मानवता के लिए एक गंभीर खतरा है. पीड़ितों का नुकसान अतुलनीय है। हम आतंकवाद के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने की कोशिश में लगे रहेंगे। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ वार्ता विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को टेलीफोन पर अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ वार्ता की। आतंकवाद को रोकने और 26/11 मुंबई हमले में शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराने की अपनी अपील पर ह्यमजबूत और स्पष्ट संदेशह्न देने पर जयशंकर ने ब्लिंकन को धन्यवाद दिया।

## छोटी खबरें

### नहाय खाए के साथ शुरू हुआ 36 घंटों का निर्जला व्रत

**जहानाबाद।** चार दिनों तक चलने वाले लोक आस्था का महापर्व छठ महापर्व के दूसरे दिन छठव्रतियों ने मिट्टी के बर्तन में बने प्रसाद का ग्रहण कर भगवान भास्कर की। छठ व्रतियों ने भगवान भास्कर की आराधना कर लोगों को प्रसाद ग्रहण कराया। वहीं, प्रसाद पाने के लिए एक-दूसरे लोगों के यहां आने-जाने का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहेगा। साथ ही छठव्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। छठव्रती द्वारा कल शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके लिए व्रती छठ घाटों पर अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य देंगी। फिर शनिवार को सुबह में भगवान की आराधना करेंगे। साथ ही उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर घाट में ही प्रसाद ग्रहण कर व्रत का समापन करेंगी।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत और आधा दर्जन घायल

**सासाराम।** जिले के अमझोर थाना क्षेत्र में डिहरी-बंजारी राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार शाम ऑटो पलट जाने से उसपर सवार एक सवारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना ठीक अमझोर थाने के सामने घटी है। मृतक की पहचान संतोष कुमार के रूप में की गई है, जो अमझोर थाना क्षेत्र के सरैया गांव के दीनानाथ चौधरी का बेटा था। थाने के सामने घटना होने के कारण अमझोर थाने की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मृतक के शव को अपने कब्जे में ले लिया है । मृतक की पहचान के बाद उसके परिजनों को सूचना दी गई है। बेटे की मौत की सूचना से सरैय के दीनानाथ चौधरी के घर कोहराम मच गया, परिजन आनन-फानन में घटना स्थल पर पहुंचे। अमझोर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया। पुलिस ने ऑटो को भी जब्त कर लिया है और उसके मालिक की पहचान कर रही है।

### यूपी से चुराई हुई कार जब्त, तीन चोर गिरफ्तार

**सासाराम।** उत्तर प्रदेश से चुराकर भागे कार के साथ दावथ बाजार से पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अतवेंदर कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार की संख्या उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि महाराष्ट्र से उज्जैन के लिए मारुति सुजुकी अरटिका उजले रंग की कार संख्या-एमएच 04 जी यू 6167 बुक कराकर बिहार आरा जिले के तरारी निवासी शशिरंजन पांडेय , वहीं के पुरुषोत्तम मिश्रा व आरा मौला बाग निवासी किरण देवी बुक करा कर लाएं थे।

# बक्सर में तैनात चम्पारण के दो बीएमपी जवान की भोजपुर में सड़क दुर्घटना में मौत

- छठ पूजा पर डुमरांव से घर जाने के दौरान शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी के समीप हुआ हादसा
- आरा-बक्सर फोरलेन पर ट्रक और बाइक की टक्कर में गई दोनों जवानों की जान

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में आरा-बक्सर हाईवे पर शनिवार की सुबह सड़क हादसे में चंपारण के रहने वाले बीएमपी के दो जवानों की दर्दनाक मौत हो गयी। छठ पूजा में बाइक से घर जा रहे दोनों जवान एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गये। उसमें दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसा शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव के समीप सुबह करीब छह बजे हुआ। मृत जवानों में पश्चिमी चंपारण के सिकटा थाना क्षेत्र के बेहारी गांव निवासी रविंद्र कुमार झा


सुशील कुमार झा     जगदीश साह

का 25 वर्षीय पुत्र सुशील कुमार झा और पूर्वी चंपारण जिला के सुगौली थाने के पंजियरवा गांव निवासी बागर साह का 26 वर्षीय पुत्र जगदीश साह थे। दोनों बक्सर जिले के डुमरांव स्थित बीएमपी 4 में तैनात थे। हादसे के बाद ट्रक भी पलट गया, जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने जब्त कर लिया है। हालांकि चालक भागने में सफल रहा। घटना के बाद काफी देर तक अफरातफरी मची रही।? सूचना मिलने पर डायल 112 टीम के साथ थानाध्यक्ष नित्यानंद शर्मा घटनास्थल पर पहुंच गये।? उसके बाद दोनों जवानों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों की ओर से दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद दोनों जवानों के शवों का आरा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया।

**छठ पूजा करने घर जा रहे थे दोनों जवान :** बताया जा रहा है कि सड़क हादसे के शिकार बीएमपी के दोनों जवानों की 2011 में नौकरी लगी थी। 2015 से ही दोनों बक्सर के डुमरांव स्थित बीएमपी चार में तैनात थे। छठ पर्व को लेकर दोनों बाइक से अपने-अपने गांव जा रहे थे। तभी आरा-बक्सर फोरलेन पर बिलौटी गांव के समीप सामने से आ रही एक बेलगाम बालू लदे ट्रक और बाइक की जोरदार टक्कर हो गयी। उससे दोनों जवान ट्रक के नीचे आ गये, जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।हादसे की सूचना मिलने पर दोनों जवानों के परिजन आरा पहुंचे। उसके बाद दोनों के शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया।? इधर, हादसे के बाद दोनों के घरों में कोहराम मच गया है।

**पुलिस ऑफिस में बीएमपी दोनों जवानों को दी सलामी :** हादसे में मौत के बाद दोनों बीएमपी जवानों के शव को पुलिस ऑफिस लाया गया। वहां एसपी संजय कुमार सिंह सहित अन्य अफसरों द्वारा दोनों जवानों को सलामी दी गयी। पुष्प और माला अर्पित कर श्रद्धांजलि भी दी गयी। इस मौके पर बीएमपी डुमरांव के प्राचार्य रामाशंकर राय, हेड क्वार्टर डीएसपी विनोद कुमार और पीरो डीएसपी राहुल सिंह समेत अन्य पुलिस अफसर और पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद थे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार इंटर के छात्र की मौत, दोस्त की हालत गंभीर

- छात्र की मौत के बाद प्राइवेट अस्पताल के खिलाफ फूटा गुस्सा हंगामा और रोड जाम
- पीरो जा रहे दोनों दोस्तों को अज्ञात वाहन ने रौंदा, दूसरा पटना रेफर

**केटी न्यूज/आरा**

आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर चरपोखरी थाना क्षेत्र के नगरांव मोड़ के पास शुक्रवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उसमें बाइक सवार इंटर के छात्र की इलाज के दौरान प्राइवेट अस्पताल में मौत हो गयी।? हादसे में उसका दोस्त भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। उसकी हालत भी काफी नाजुक बनी है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के मलौर गांव निवासी धनंजय पांडेय का 17 वर्षीय पुत्र विष्णु शंकर पांडेय उर्फ नीलेश पांडेय था। वह आरा में इंटर का पढ़ाई करता था। जख्मी उसी गांव के निवासी मीर हसन का 18 वर्षीय पुत्र नूर हसन शामिल है। वहीं छात्र की मौत के बाद उसके परिजन और ग्रामीण भड़क उठे। गुस्साये लोगों ने शहर के करमन टोला स्थित प्राइवेट अस्पताल विश्वराज के सामने जमकर हंगामा किया। गुस्साये लोगों ने शव रख सड़क भी जाम कर दिया गया। परिजन हॉस्पिटल के डाक्टर और कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। सूचना मिलने पर जेडीयू नेता विश्वनाथ प्रताप सिंह भी पहुंचे और डाक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इससे करीब दो घंटे तक आवागमन बाधित रहा। जाम की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह पहुंचे और समझाकर लोगों को शांत कराया।



### पीरो जाने के लिए देर शाम घर से निकले थे दोनों दोस्त

इधर, छात्र के परिजन सुमित कुमार ने बताया कि शुक्रवार की शाम नीलेश अपने दोस्त नूर हसन के साथ बाइक से किसी काम से पीरो जा रहा था। उसी दौरान नगरांव मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। उससे दोनों बाइक सहित गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गये। उसके बाद दोनों को इलाज के लिए चरपोखरी पीएचसी फिर आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां इलाज करने के बाद डाक्टरों ने दोनों की हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। हालांकि अस्पताल में मौजूद कुछ लोगों की सलाह पर नीलेश को करमन टोला स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां ऑपरेशन कर उसके पैर में पिन लगाया गया। उसके बाद ही उसकी हालत बिगड़ गयी और मौत हो गयी। बाद में अस्पताल के कर्मियों द्वारा नीलेश को दूसरे दरवाजे से स्ट्रेचर पर लाद कर बाहर कर दिया गया। नीलेश की स्थिति काफी बिगड़ने की बात कहते हुए एंबुलेंस पर लाद कर जबरन पटना रेफर कर दिया गया। पटना स्थित अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। तब शव को आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां टाउन थाने की पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### अस्पताल में घूम रहे दलालों के चक्कर में गई छात्र की जान

सड़क हादसे में जख्मी मलौर गांव निवासी इंटर के होनहार छात्र नीलेश कुमार की मौत आरा सदर अस्पताल में घूम रहे दलालों की वजह से हो गयी। निलेश के भाई सुमित कुमार के अनुसार उसे गंभीर हालत में सदर अस्पताल में लाया गया था। वहां प्राइमरी इलाज के बाद डाक्टरों द्वारा पटना रेफर कर दिया गया। उसे अभी पटना ले जाने की तैयारी की जा रही थी, तभी अस्पताल में घूम रहे दलालों द्वारा हालत गंभीर बताते हुए करमन टोला स्थित विश्वराज हॉस्पिटल ले जाने की सलाह दी गयी। उस पर वे लोग उसे उस हॉस्पिटल ले गये। वहां पहले 15 हजार फीस जमा कराया गया और उसके बाद इलाज शुरू किया गया। बाद में स्टील लगाने की बात कही गयी। बताया गया कि स्टील लगाने के बाद नीलेश ठीक हो जायेगा। उसके लिए उसे ओपी में ले जाकर पीन लगा दिया गया। उसके बाद ही नीलेश की स्थिति बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि नीलेश पढ़ने में काफी होनहार था। उसे में मैट्रिक में 89 फीसदी अंक मिले थे। वह महाराज कॉलेज में इंटर का पढ़ाई कर रहा था। उसकी मौत से गांव के लोग ही उदास और मायूस हैं।

### छठ कर रही थी मां, इकलौते बेटे की मौत से कोहराम

मलौर गांव निवासी इंटर के छात्र विष्णु शंकर उर्फ नीलेश कुमार के घर में छठ का व्रत हो रहा था। उसकी मां संजू देवी खुद व्रत कर रही थी। शुक्रवार को नहाय-खाय भी किया था। नीलेश भी छठ की तैयारी में जुटा था। शुक्रवार को ही उसने अपनी महिला रिश्तेदार को घर लाया था। उसके बाद शाम को दोस्त के साथ समोसा खाने के बात कह घर से निकल गया था। तभी रास्ते में हादसा हो गया। नीलेश अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी चार बहनें भी हैं। उसकी मौत से घर में कोहराम मचा है। मां संजू देवी सहित और चारों बहनों का रो-रोकर बुरा हाल था। जिन बहनों ने अभी एक रोज पहले ही भैया दूज पर भाई की लंबी उम्र की मंगल कामना की थी। आज उसी भाई की मौत से चारों सदमे में थी।

## एक नजर

### केलवा जे फरेला घवद से, ओह पर सुगा मेड़राय.....



**जहानाबाद।** केलवा जे फरेला घवद से,ओह पर सुगा मेड़राय,, कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए,,, सेविले चरन तोहार हे छठी मइया महिमा तोहर अपार,, जैसे कर्णप्रिय गीत हमारी संस्कृति को प्रकृति से जोड़ते हुए अलौकिक छटा प्रस्तुत कर रहा है। शहर हो या गांव हर गली में इसी तरह के कर्णप्रिय गीत बज रहे। इन गानों में पश्चिमी संस्कृति के तर्ज पर बन रहे फिल्मी गीतों की तरह धूम- धडाम तो नहीं है लेकिन प्रकृति से जुड़ने का एक बड़ा संदेश जरूर है। लोक आस्था के इस पर्व के परंपरागत गीत एक और जहां लोगों को पशु पक्षियों से जोड़ता है, तो दूसरी ओर खेती किसानी की मधुरता भी प्रस्तुत करता है। हालांकि लोक परंपरा पर आधारित इन गानों में भी समय के अनुसार बदलाव आ रहे हैं। पहले जहां महिलाएं एक साथ अपने स्वर में छठी मइया के गीत पूरी मधुरता के साथ गाते थे वही आज लोग लोड स्पीकर के माध्यम से इस गाने से रूबरू हो रहे हैं। नई पीढ़ी के युवा-युवतियों में नृत्य संगीत के प्रति तो रुझान जरूर है लेकिन लोक परंपरा से जुड़े इन गानों से वे दूर होते जा रहे हैं। इंटरनेट मीडिया के बढ़ते प्रभाव में हमारी नई पीढ़ी के लोग अपने परंपरागत गायन से अलग हटकर पश्चिमी संस्कृति के संगीत को आत्मसात कर रहे हैं। लोक आस्था के इस पर्व में इस बात की ओर भी ध्यान देने की जरूरत है कि हमारे आने वाले पीढ़ी अपनी संस्कृति और परंपराओं से हमेशा जुड़े रहे।

### विधिक जागरूकता के माध्यम से कानून सहायता दे पीएलभी : जिला जज

**जहानाबाद।** छठ पूजा के अवसर पर छठ घाटों पर आयोजित होने वाले छठ पूजा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों को विधिक जागरूकता के माध्यम से कानूनी जानकारी एवं विधिक सहायता देने का निर्देश जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार जहानाबाद डॉ. राकेश कुमार सिंह ने सभी पारा विधिक स्वयंसेवक को दिए जिला जज ने यह भी निर्देश दिए कि छठ घाटों पर उपस्थित लोगों को सभी प्रकार की विधिक सहायता जिला प्रशासन, स्वयंसेवी संगठनों, पूजा समितियों आदि समूह से समन्वय बनाकर ध्वनि विस्तारक संयंत्रों का उपयोग कर आम जनों को सहायता प्रदान करें। आगामी 12 नवंबर 2022 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संदर्भ में भी व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कर आम जनों को मुकदमा के निशुल्क निपटारा सुलभ न्याय के माध्यम से कराने के लिए प्रेरित करें। और ज्यादा से ज्यादा मुकदमों का निपटारा कराने में अपनी सहभागिता बनाएं। प्राधिकार सचिव अजय कुमार ने बताया कि जहानाबाद जिले के विभिन्न प्रखंडों में के 16 घाटों पर 31 एवं अरवल जिले के विभिन्न प्रखंडों के 7 घाटों पर 11 पारा विधिक स्वयंसेवक गण को छठ पूजा के अवसर पर आम जनों को विधिक सहायता पहुंचाने एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु जिला प्रशासन, पूजा समितियों, स्वयंसेवी संगठनों आदि समूह के साथ समन्वय बनाकर सहयोग करने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में भाजपा नेता की मौके पर हुई मौत

**रोहतास।** जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के बिक्रमगंज-धावां लिंक पथ पर शनिवार रात बुलेट बाइक के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चालक की मौत मौके पर ही हो गई। मृतक अविनाश कुमार धावां गांव के सुमेंन्द्र सिंह का इकलौते बेटा था। बताया जाता है कि अविनाश अपनी बुलेट से बिक्रमगंज से अपने गांव लौट रहे थे, इस क्रम में गांव के पास ही स्पीड में जा रही बुलेट पोल से टकरा गई, जिससे अविनाश की मौके पर ही मौत हो गई। अविनाश राजनीति में भी सक्रिय थे। भाजपा के चर्चित चेहरा थे और उनके पिता सुमेंद्र सिंह डीलर हैं। बेटे की मौत की सूचना से सुमेंद्र सिंह के घर में कोहराम मच गया, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अविनाश की मौत की खबर इलाके में आग की तरह फैली और बड़ी संख्या में सुमेंद्र सिंह घर पहुंच रहे हैं। अविनाश ने हेलमेट नहीं पहन रखा था।

# सहार हत्याकांड : शादी के लिए ब्लैकमेल करने पर की गयी थी युवती की हत्या

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के सहार थाना क्षेत्र के बिशुनपुर गांव के समीप 20 रोज दिन पूर्व की गयी अज्ञात युवती की हत्या का खुलासा हो गया। यूपी की रहने वाली युवती की गड़हनी थाना क्षेत्र के दुबौली गांव निवासी गोलू दूबे ने हत्या की थी। युवती के द्वारा शादी के लिए ब्लैकमेल करने पर गोलू ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी। गिरफ्तारी गोलू ने पुलिस के समक्ष पूछताछ में हत्या का राज खोला। गोलू को शुक्रवार को ही उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया था। मृत युवती डांसर और यूट्यूबर थी। साथ ही स्टेज प्रोग्राम भी करती थी। एसपी संजय



कुमार सिंह ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि सहार थाना क्षेत्र के बिशुनपुर गांव के एसएच के किनारे नौ अक्टूबर की शाम साढ़े सात से साढ़े आठ बजे के बीच अज्ञात युवती की गोली मार हत्या करने के बाद शव फेंक दिया गया था। उसे करीब से तीन गोलियां मारी गयी थी। उसे लेकरथानाध्यक्ष के बयान पर केस दर्ज किया था। महिला पुलिस अफसर को केस का अनुसंधानकर्ता बनाया गया था। युवती की पहचान और आरोपित को गिरफ्तार करना पुलिस के लिए बहुत बड़ा चैलेंज था। कांड के उद्भेन के लिए पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। वह खुद भी पूरे मामले का निर्देशन रहे थे। तकनीकी, मानवीय और गुप्त सूचना के आधार पर टीम की ओर से युवती और आरोपित की पहचान की गयी। उसके बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। टीम में सहार थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, उसी थाना की दारोगा प्रिया शीला, नारायणपुर थानाध्यक्ष नीता कुमारी, डीआईयू के दारोगा संजय कुमार और सुदेह कुमार शामिल थे।

# जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए 58.74 करोड़ रुपये का बजट पारित

**केटी न्यूज/सासाराम**

स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। उन्हीं सुविधाओं को आम जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से रोहतास जिला स्वास्थ्य समिति ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए बजट में नेशनल हेल्थ मिशन के तहत 58.74 करोड़ रुपये का बजट पास किया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए शनिवार को जिलाधकारी की अध्यक्षता में यह बजट पास किया गया। जिसमें आर आई, आईपीपीआई, एनआईडीडीसीपी के लिए 15 करोड़, 60 लाख 51 हजार,725 रुपये का बजट पास किया गया है। वहीं राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के लिए 2 करोड़, 40 लाख 50 हजार 940 रुपए का बजट पारित किया गया है। गैर संचारी रोग के लिए 1 करोड़, 63 लाख, 90 हजार 769 रुपये , शहरी स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 3 करोड़ 10 लाख 73 हजार 538 रुपये। वहीं सबसे अधिक ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 35 करोड़ 98 लाख 58 हजार 754 रुपए का बजट पास किया गया है।

### जिलाधिकारी द्वारा पारित होता है बजट

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत पारित बजट को लेकर डीपीसी संजीव मधुकर ने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर तरीके से संचालित करने के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा वित्तीय राशि का आवंटन किया जाता है।

## स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर जिले में चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

# छट घाटों पर डेंगू के प्रति लोगों को किया जा रहा है जागरूक

- बैनर पोस्टर के माध्यम से डेंगू से बचाव का दिया जा रहा संदेश

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में डेंगू का प्रकोप अब स्थिर है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि मच्छरों का पूरी तरह से सफाया हो चुका है। दीपावली और छठ को लेकर शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में युद्धस्तर पर साफ-सफाई का कार्यक्रम चला जिसके वजह से जलजमाव व मच्छरों का आतंक कम हुआ है। जिस पर


घाट पर बैनर लगाता स्वास्थ्य कर्मी

प्रभावी नियंत्रण को लेकर विभागीय प्रयास जारी है। स्वास्थ्य समिति के द्वारा जिला, अनुमंडल और पीएचसी स्तर पर डेंगू की जांच व इलाज का इंतजाम कराया गया है। दूसरी ओर, लोगों को जागरूक करने के लिए भी अभियान तेज किया गया है। जिसके तहत छठ पर्व के अवसर पर घाटों के साथ सभी प्रमुख स्थानों पर बैनर पोस्टर के माध्यम से लोगों को डेंगू व इससे बचाव का संदेश दिया जा रहा है। ताकि, मच्छरों और डेंगू के प्रति लोगों में जानकारी बढ़े और वो जागरूक बने।

**ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य विभाग करा रहा फॉगिंग :** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने बताया, प्रभावित इलाके में प्राथमिकता के आधार पर फॉगिंग का कार्य संचालित किया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में फॉगिंग का जिम्मा जहां स्वास्थ्य विभाग संभाल रहा वहीं शहरी क्षेत्र में फॉगिंग का कार्य नगर निकाय प्रशासन ने संभाल रहा है। उन्होंने कहा कि डेंगू से बचाव को लेकर जरूरी एहतियाती उपायों पर अमल जरूरी है। इसे लेकर विभिन्न स्तरों पर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। जिले में डेंगू का प्रभाव पहले से काफी कमजोर हो चुका है, लेकिन सावधानी अभी भी बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि अक्टूबर महीने के आस-पास डेंगू के मच्छरों में वृद्धि हो जाती और इनकी वृद्धि का मुख्य कारण गंदगी एवं जल जमाव होता है। उन्होंने बताया कि त्यौहारों में साफ सफाई की वजह के साथ-साथ बढ़ती ठंड के कारण डेंगू के मच्छर धीरे धीरे कम हो रहे हैं। इस वजह से डेंगू बीमारी के प्रकोप में भी कमी आई है।

**कम प्लेटलेट्स वाले मरीजों की हो रही निगरानी :** डॉ. कुमार ने बताया, जिले वासी साफ सफाई का जितना ख्याल रखेंगे डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया आदि मच्छरों से उनका बचाव होगा। अब तक जितने भी डेंगू के मरीज मिले हैं, उनमें फिलहाल डेंगू के लक्षण धीरे-धीरे कम हो रहे हैं। वहीं, 70 हजार से कम प्लेटलेट्स वाले मरीजों की लगातार निगरानी की जा रही है।

कुमार अर्थोपेडीक मल्टी स्पेस्लीटी क्लिनीक की ओर से जिलेवासिओं को छठ की हार्दिक शुभकामनाएं



## छोटी खबरें

### सहियार से बरामद हुआ शराब

**सिमरी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सहियार गांव में शनिवार को स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस को देखते हुए एक शराब कारोबारी शराब की खेप फरार हो गया। पुलिस ने जब उसके द्वारा फेंके गए झोले की तलाशी ली तो उसमें 55 पीस फ्रुटी पैक शराब बरामद हुआ। शराब बरामद करने के बाद पुलिस तस्कर की पहचान में जुट गई है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तस्कर की पहचान की जा रही है।

### महायज्ञ को सफल बनाने में जुटे कार्यकर्ता

**सिमरी।** सिमरी में आयोजित हो रहे श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारियां तेज हो गई है। दो से सात नवंबर तक आयोजित हो रहे महायज्ञ को संपन्न कराने को लेकर यज्ञ समिति के सदस्य दिन रात एक किए है। आयोजन समिति के डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि मंडप व साधु संतों के रहने के लिए कुटिया निर्माण का काम अंतिम चरण में है। इसके अलावे महायज्ञ को संपन्न कराने के लिए सार्वजनिक चंदा इकट्ठा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस महायज्ञ को ले ग्रामीणों में उत्साह व्याप्त है तथा ग्रामीण सहर्ष सहयोग कर रहे है। महायज्ञ के आयोजन से गांव का माहौल भक्तिमय बन गया है।

### डीएम के प्रति दिखाई नाराजगी

**डुमरांव।** शनिवार को छठिया पोखरा का निरीक्षण करने आए डीएम से स्थानीय लोगों ने अपनी बात रखनी चाही। लेकिन तबतक डीएम का काफिला वहां से निकल चुका था। जिसके बाद स्थानीय निवासी उग्र हो गए तथा डीएम के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। इस संबंध में रेडक्रास से जुड़े उमेश गुप्ता ने बताया कि छठ की तैयारियों में कई खामियां रह गई है। पिछले साल भी यहा सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाया गया था। जिस कारण बड़ी संख्या में चोर उचक्कों ने दर्जनों महिलाओं की चेन व मंगलसूत्र की चोरी की थी। इस बार भी सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाया गया है। यही बात वे लोग डीएम से कहना चाह रहे थे, लेकिन तबतक डीएम निकल चुके थे।

### तैयारी पूरी, पहला अर्घ्य आज

डुमरांव। लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर डुमरांव का ऐतिहासिक छठिया पोखरा सहित सभी 18 छठ घाट सज-धज कर तैयार हो गए है। रविवार को पहला अर्घ्य दिया जाएगा।

# अध्यात्म : सबसे पहले मिथिलांचल की धरती से हुई थी छठ व्रत की शुरूआत...

**केटी नयूज/बक्सर**

छठ महापर्व को लेकर यूं तो कई मान्यताएं हैं। लेकिन, इनमें से सबसे सटीक और तथ्यपूरक कथा इस संदर्भ में ब्रह्मवैवर्तपुराण में आयी है कि 'प्रथम मनु स्वायम्भुव के पुत्र प्रियव्रत ने पहली बार सूर्य षष्ठी व्रत यानी की छठ पूजा का आयोजन किया था। इसकी शुरूआत बिहार के मिथिला (मिथिलांचल) क्षेत्र से हुई थी। इस लिये बिहार में इस पर्व की महत्ता सर्वाधिक है। साथ ही, यहां इसका स्थान भी सबसे ऊंचा है। प्रियव्रत के समय से शुरू हुआ लोक आस्था का यह पर्व आज भी पुरानी परंपराओं के साथ विद्यमान है। पौराणिक आख्यान और उसमें मिले उल्लेखों के मुताबिक प्रथम मनु स्वयंभु के पुत्र प्रियव्रत को कोई संतान नहीं हो रही थी।इसको लेकर वह काफी चिंतित रहते थे।तत्पश्चात महर्षि कश्यप की सलाह पर उन्होंने पुत्रेष्ठि यज्ञ का आयोजन किया।इसी दौरान उन्होंने सूर्य षष्ठी व्रत भी किया।इसके पश्चात उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई और यह पर्व भी प्रचलित हो गया। तभी से कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को नहाय खाय, पंचमी को करना और षष्ठी तिथि को छठ मनाया जाता है। जिसमें भगवान सूर्य के साथ-साथ सृष्टि की अधिष्ठात्री देवी प्रकृति की पूजा की जाती है। ब्रह्म और शक्ति दोनों की होती हैं,एक साथ अराधना : ज्योतिषाचार्य पंडित नरोत्तम द्विवेदी ने बताया कि सूर्य षष्ठी वैसे तो प्रमुख रुप से भगवान सूर्य का व्रत है। किन्तु बिहार के इस व्रत में सूर्य के साथ षष्ठी तिथि का समन्वय विशेष महत्त्व का है। श्वेताश्वतर उपनिषद् में परमात्मा की माया को 'प्रकृति' और माया के स्वामी को 'मायी' कहा गया है। यह प्रकृति ब्रह्म स्वरुपा, मायामयी और सनातनी है। ब्रह्मवैवर्त पुराण प्रकृति खंड के अनुसार परमात्मा ने सृष्टि के लिये योग का अवलम्बन लेकर अपने को दो भागों में विभक्त



किया। दक्षिण भाग से पुरुष और वाम भाग से प्रकृति का आविर्भाव हुआ। यहां 'प्रकृति' शब्द की व्याख्या कई प्रकार से की गयी है। प्रकृति के 'प्र' का अर्थ है प्रकृष्ट और 'कृति' का अर्थ है सृष्टि अर्थात प्रकृष्ट सृष्टि। दूसरी व्याख्या के अनुसार 'प्र' का सत्त्वगुण' 'कृ' का रजोगुण और 'ति' का तमोगुण अर्थ किया गया है। इन तीनों गुणों की साम्यावस्था ही प्रकृति है :

त्रिगुणात्मस्वरुपा या सर्वशक्तिसमन्विता।

प्रधानसृष्टिकरणे प्रकृतिस्तेन कथ्यते।।

( ब्रह्मवैवर्त पुराण, प्रकृतिखण्ड 1/6)

उपर्युक्त पुराण के अनुसार सृष्टि की अधिष्ठात्री ये ही प्रकृति देवी स्वयं को पांच भागो में विभक्त करती हैं-- दुर्गा, राधा,लक्ष्मी, सरस्वती और सावित्री।ये पांच देविया पूर्णतम प्रकृति कहलाती है।इन्हीं प्रकृति देवी के अंश,कला,कलांश,और कलाशांश भेद से अनेक रुप है,जो विश्व की समस्त स्त्रियों में दिखाई देते है।मार्कण्डेय पुराण भी यही उद्घोष है - 'स्त्रियःसमस्ताः सकला जगत्सु।'

- पं. नरोत्तम द्विवेदी ने कहा- सूर्य के साथ षष्ठी तिथि का समन्वय विशेष का है महत्त्व

प्रकृति देवी के एक प्रधान अंश को 'देवसेना' कहते है, जो सबसे श्रेष्ठ मातृका मानी जाती है। ये समस्त लोकों के बालकों की रक्षिका देवी हैं। प्रकृति का छठा अंश होने के कारण इन देवी का एक नाम 'षष्ठी' भी है।

षष्ठांशा प्रकृतेर्या च सा च षष्ठी प्रकीर्तिता।

बालकाधिष्ठातृदेवी विष्णुमाया च बालदा।।

आयुःप्रदा च बालानां धात्री रक्षककारिणी।

सततं शिशुपार्श्वस्था योगेन सिद्धियोगिनी।।

(ब्रह्मवैवर्त पुराण, प्रकृति खण्ड 43।4,6)

ब्रह्मवैवर्तपुराण के इन श्लोकों से ज्ञात होता है कि विष्णु माया षष्ठी देवी बालकों की रक्षिका एवं आयुप्रदा हैं।

जब प्रियव्रत को महर्षि कश्यप ने पुत्रेष्ठि यज्ञ करने का परामर्श दिया।यज्ञ के फलस्वरूप महाराज को मालिनी नामक महारानी ने यथा अवसर एक पुत्र को जन्म दिया, किंतु वह शिशु मृत था। यह सुनकर प्रियव्रत के उपर मानो वज्रपात हुआ। वे शिशु के मृत शरीर को अपने वक्ष से लगाये प्रलाप कर रहे थे। तभी एक आश्चर्यजनक घटना घटी। आकाश से एक ज्योतिर्मय विमान पृथ्वी की ओर आ रहा है।उस विमान में एक दिव्याकृति नारी बैठी हुई थी।राजा द्वारा यथोचित स्तुति करने पर देवी ने कहा-मैं ब्रह्मा की मानसपुत्री षष्ठी देवी हूं। मैं विश्व के समस्त बालकों की रक्षिका हूं एवं अपुत्रों को पुत्र प्रदान करती हूं--'पुत्रदाअ्हम्‌ अपुत्राय'। इतना कहकर देवी ने शिशु के मृत शरीर का स्पर्श किया, जिससे बालक जीवित हो उठा। तभी से लोक में बालकों के जन्म, नामकरण, अन्नप्राशन आदि सभी शुभ अवसरों पर षष्ठी पूजन प्रचलित हुआ। आज भी शिशु के जन्म के छठे दिन षष्ठी पूजन, छठीहार गीत मंगल, लोकगीत, सोहर गाकर मनाने की परम्परा है। नवरात्र में षष्ठी कात्यायनी रुप में पूजी जाती है।

सूर्य और षष्ठी की एक साथ व्रत पूजन से कामनाओं की सिद्धि होती है।कुष्ठादि असाध्य रोगों का नाश होता है।ऐश्वर्य कामनाओं की पूर्ति एवं रोग नाश हेतु सविता को ध्यान मे रखा जाता है, वही पुत्र कामनाओं की पूर्ति एवं दीघार्यु हेतु षष्ठी देवी, छठि माई को ध्यान में रखा जाता है। विविध पक्वान्नों पर सूर्य के रथ चक्र अंकित किये जाते है। फल,नारियल, ईख अनेक सामग्री से प्रथम अर्घ्य दान डूबते सूर्य को और द्वितीय अर्घ्य दान उगते सूरज को दिया जाता है। विशेष मन्नत पूर्ति हेतु छह दीप वाला कोसी षष्ठी देवी को ध्यान में रखकर और बारह दीपो वाला भगवान भाष्कर सूर्य को ध्यान में रखकर भरा जाता है।

### आधा दर्जन युवकों ने घेरकर हॉकी स्टीक व राड से की है पिटाई, एक चिह्नित

# मुरार में दुकानदार से मारपीट, दो लाख नकद समेत चार मोबाइल व लैपटाप लूटे

- पुरानी रंजिश से जोड़कर देख रही है पुलिस

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल के मुरार थाना क्षेत्र अंतर्गत बंजरिया मोड़ के पास आधा दर्जन की संख्या में घात लगाए युवकों ने एक मोबाइल विक्रेता से दो लाख रुपये नकद, चार मोबाइल सेट तथा लेनोवो कंपनी का एक लैपटॉप लूट लिया है। विरोध करने पर विक्रेता तथा उसके भाई की हॉकी स्टीक व लोहे के राड से पिटाई भी की गई है। गंभीर रूप से जख्मी



जख्मी मोबाइल विक्रेता

मोबाइल दुकानदार को चौगाई पीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है। जबकि मुरार पुलिस इसे पुरानी रंजिश से जोड़कर देख रही है। दुकानदार की मानें तो लूटेरों में एक उसके गांव का ही था जबकि पांच अज्ञात युवक भी उसके साथ मिल इस घटना को अंजाम दिया। मोबाइल दुकानदार व चिह्नित लूटेरा दोनों नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर के रहने वाले है तथा दीपावली की रात दरवाजे पर पटाखा छोड़ने को ले दोनों में विवाद हुआ था। पुलिस इस घटना को इसी रंजिश से जोड़कर देख रही है।

मिली जानकारी के अनुसार पुराना भोजपुर का ज्योति केशरी चौगाई में मोबाईल दुकान चलाता है। वह इस इलाके का जीयो कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटर भी है। शुक्रवार की शाम करीब छह बजे व अपनी दुकान बंद कर अपने भाई टिंकू के साथ बाइक पर बैठ पुराना भोजपुर के लिए चला। लेकिन बंजरिया मोड़ के पास घात लगाए आधा दर्जन लूटेरों ने उसकी बाइक रूकवा उसे हॉकी व रॉड से मारने लगे। बचाव कर रहे उसके भाई टिंकू को भी मारा गया। इस दौरान उसके बैग से दो लाख रुपये, चार मोबाईल सेट तथा एक लैपटॉप तथा सोने का एक चेन लूट लिया। नकदी के अलावे लूटे गए सामानों की कीमत भी एक लाख रुपये से भी अधिक है।

घटना के बाद पीड़ित खुद चलकर मुरार थाना पहुंचा तथा इस घटना की जानकारी देते हुए अपने गांव के आशीष कुमार सिंह व पांच अज्ञात समेत कुल आधा दर्जन लोगों पर मारपीट व लूटपाट का आरोप लगा मामला दर्ज कराया। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला पुरानी अदावत से जुड़ा लगता है। वैसे पुलिस इस मामले की जांच व आरोपियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही है। इस घटना के बाद व्यवसायियों में दहशत व्याप्त है। गौतरलब है कि कुछ दिन पहले मुरार थाना क्षेत्र के एक स्वर्ण व्यवसायी की दुकान में चोरी की वारदात भी हुई थी।

# नाले के गंदे पानी को लांघ सुचिता का महापर्व मनाने घाट तक जाएंगे छठ व्रती



नावानगर की मुख्य सड़क पर बहता गंदा पानी

- नावानगर बाजार में बह रहा है नाले का गंदा पानी

**केटी न्यूज/ नावानगर**

लोक आस्था के महापर्व छठ को सुचिता का महापर्व माना जाता है। तन और मन के साथ ही पूरा छठ घाट, वहा तक जाने वाले रास्ते तक को साफ किया जाता है। लेकिन प्रखंड मुख्यालय के छठ व्रतियों के लिए इस बार सुचिता के मानक पर छठ घाटों तक पहुंचना मुश्किल होने वाला है। खासकर पहले अर्घ्य के पूर्व संध्या तक जो स्थिति है उससे तो यही लग रहा है। हम बात कर रहे है नावानगर के मुख्य बाजार में सड़क पर बहने वाले नाले के गंदे पानीकी। छठ पूजा को लेकर अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण साफ सफाई करने में जुटे हुए हैं। पर स्थानीय प्रखंड के नावानगर बाजार की सड़क पर बह रहे नाले की पानी पर किसी का ध्यान आकृष्ट नहीं हो रहा है। ऐसे में सड़क मार्ग से गुजरने वाले छठव्रतियों को खुद को स्वच्छ रख घाट तक पहुंचना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगी।

दूसरी ओर मुख्य सड़क पर लंबे समय से हुए इस जलजमाव से लोगों में संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बना हुआ है। स्थिति ऐसी है कि बाजार में नाली की समस्या से लोग परेशान है। जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से सड़क पर नाले का गंदा पानी महीनों से जमा हुआ है। जिससे आने-जाने वालों को काफी दिक्कत हो रही हैं। स्थानीय निवासी बताते है कि दुर्गा पूजा के दौरान पंपसेट लगाकर पानी की निकासी कराई गई थी, लेकिन लोक आस्था के इस महापर्व में इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया। लिहाजा एक लंबी दूरी में सड़क के आधे हिस्से पर नाले का गंदा पानी जमा है। अधिकारियों तथा प्रतिनिधियों द्वारा सिर्फ छठ घाटों के निरीक्षण का कोरम पूरा किया गया है। एक सप्ताह पूर्व लाखों रुपए खर्च कर छठ घाट के सौंदर्यीकरण मुखिया द्वारा करवाया गया है। पर छठ घाट तक पहुंचने के रास्ते में गंदा पानी का जमाव घाट की सौंदर्यीकरण को मुंह चिढ़ा रहा है। ऐसे में हजारों छठ व्रती परिवारों में व्यवस्था के प्रति गहरा आक्रोश व्याप्त है।

# ममता शर्मसार : खेत में नवजात बच्ची को छोड़ भागी महिला, पुलिस ने चाइल्ड लाइन को सौंपा

- सिमरी थाना क्षेत्र के चांदपाली गांव के बधार की है घटना

**केटी न्यूज/सिमरी**

कहा जाता है कि कुपुत्रों जायेत, क्वचिदपि माता न कुमाता भवित। लेकिन इस वेद वाक्य के विपरित एक कलियुगी मां ने ममता को कलंकित करते हुए अपनी नवजात बच्ची को खेत में फेंक लग्जरी वाहन से फरार हो गई। हालांकि उस मासूम की किस्मत अच्छी थी कि खेत में काम कर एक दंपति की नजर इस वाकए पर पड़ गई। महिला द्वारा कपड़े में लपेट बच्ची को खेत में रखने की घटना देखने वाले दंपति अभी कुछ सोच पाते तबतक उक्त महिला बोलेरो वाहन में बैठ चली गई। जबकि बच्चें के रोने की आवाज भी शुरू हो गई थी। पलक झपकते ही दंपति माजरा समझ गया। इस दौरान महिला कृषक गंगाजली देवी ने उसे गोद में उठा लिया तथा अपने पति उदय लाल बिंद के साथ



गोद में नवजात बच्ची को लिए महिला

मिलकर बच्ची को ले सिमरी थाने आई।

सिमरी पुलिस ने तत्काल इस घटना की जानकारी चाइल्ड लाइन को दी। सूचना पर पहुंचे चाइल्ड लाइन के रौशन कुमार को पुलिस ने उक्त बच्ची को सौंप दिया। इस घटना के बाद कई सवाल खड़े हो रहे है। एक तरफ बेटियों को बेटे के बराबर दर्जा देने की बात कही जा रही है। जागरूकता के लिए भी कई कार्यक्रम चलाए जा रहे है। बेटियों को संरक्षित करने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। बावजूद लोगों की मानसिकता में सुधार नहीं हो रहा है। इलाके में पूरे दिन इस घटना की चर्चा होते रही।

## एक नजर

### खरना का प्रसाद ग्रहण कर व्रतियों ने शुरू किया 36 घंटों का निर्जला उपवास



**बक्सर।** कांच ही बांस के बहंगियां, बहंगी लचकत जाय जैसे मधुर छठ गीत हर ओर सुनाई पड़ रहे है। लोक आस्था के महापर्व छठ का उत्साह व उमंग अब चरम पर पहुंच गया है। सभी छठ घाट भी सज धजकर तैयार हो गए है। खासकर बक्सर में गंगा के किनारे बनाए गए छठ घाटों के साथ ही डुमरांव के छठिया पोखरा छठ घाट की छंटा निराली हो गई है। शनिवार से ही दुधिया रौशनी में सभी छठ घाटों की रमणीयता और बढ़ गई है। प्रशासन भी पूरी तैयारी कर चुका है। रविवार की शाम अस्ताचलगामी व सोमवार को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिनों तक चलने वाला महापर्व संपन्न होगा। इस महापर्व में लाखों श्रद्धालु शामिल होते है। जिसे देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड में है। शनिवार को डीएम अमन समीर व एसपी नीरज कुमार सिंह ने जिलेभर के छठ घाटों का जायजा ले तैयारियों पर संतोष जताया है। मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड, गोताखोरों तथा एनडीआएफ की टीमों को भी तैनात किया गया है। बाजार का चप्पा चप्पा इस महापर्व पर लोगों की आस्था का प्रमाण दे रहा है। सभी जगहों पर कलसूप, फल तथा छठ पूजा से जुड़ी सामग्री ही बिक्री होती दिखाई पड़ रही है। पहले अर्घ्य के पूर्व संध्या पर ही पूरा जिला छठमय बन गया है। घाटों तक जाने के लिए संपर्क पथों को भी समतल कर दिया गया है। इन्ही मार्गों से छठ व्रती घाटों तक जाएंगे। प्रशासन द्वारा वाच टॉवरों से पल पल की स्थिति का जायजा लिया जाएगा।

### नि :शक्तता शिविर आयोजित कर दिव्यांग बच्चों का किया गया चयन



**डुमरांव।** शनिवार को डुमरांव बीआरसी में 6-18 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों के निःशक्ता की जांच के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में कुल 110 बच्चें उपस्थित हुए थे, जिनमें 64 का चयन किया गया। इन्हें जरूरत के हिसाब से पाठ्य सामग्री व सहाय उपकरण मुहैया कराया जाएगा। यह शिविर एल्मिको कानपुर के सहयोग से आयोजित हुआ था। जिसमें श्रवण, दृष्टि, बौद्धिक, बहु दिव्यांग, अल्पदृष्टि आदि कई कोटि के दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता की जांच की गई। चयनित बच्चों की सूची के आधार पर उन्हें जरूरत के हिसाब से ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वैशाखी, ब्रेल किट, श्रवण यंत्र, पीएमआर कीट आदि उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर के एल्मिको कानपुर के डॉ. अमित कुमार व डॉ. अशोक प्रताप सिंह ने बच्चों के दिव्यांगता की जांच की। वहीं, इस शिविर को संपन्न कराने में बीईओ सुरेश प्रसाद, फिजीयोथेरेपिस्ट डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, राहुल कुमार गुप्ता, ज्योति सिन्हा, अरूण कुमार चौबे, शारदा मिश्र, राजकुमार सिंह, राजकुमार तिवारी, लक्ष्मण राम समेत कई अन्य उपस्थित थे।

### भोजपुर राजवाहा में डूबने से युवक की मौत, महादलित परिवार से था मृतक

**नावानगर।** वासुदेवा ओपी थाना क्षेत्र के आथर गांव के पास भोजपुर राजवाहा में डूबने से एक युवक की मौत हो गई है। घटना शनिवार दोपहर बाद दो बजे की है। करीब घंटे भर बाद जब किसी ग्रामीण की नजर उस पर पड़ी और शव को पानी से बाहर निकाला गया तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक रवि मुसहर उम्र 25 वर्ष आस पास का ही रहने वाला था। वह घर से लकड़ी काटने के लिए निकला था। पर होनी को कुछ और ही मंजूर था। आशंका जताई जा रही है कि वह नहर किनारे वृक्ष पर चढ़ सुखी टहनी काट रहा था। इसी दौरान डाल टूटने से वह सिर के बल नहर में जा गिरा तथा कीचड़ में फंस गया होगा। जिस कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। करीब घंटे भर बाद नहर के पास पहुंचे एक किसान ने शव देखकर पुलिस को सूचना दिया। इस संबंध में वासुदेवा ओपी थानाध्यक्ष विष्णुदेव कुमार ने बताया कि सूचना पर उन्होंने पहुंचकर शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया। इधर इस घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। घरवालों ने बताया कि वह लकड़ी काटने के लिए घर से निकला था। लेकिन हादसे का शिकार हो गया।

पेज तीन ::

### नहर पर जर्जर पोल व तार दे रहे हादसे को न्योता

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के भटौली-केसठ नहर मार्ग पर जर्जर हो चुके बिजली के पोल एवं तार हादसें को न्योता दे रहा है। इस जगह पर पोल एवं तार इस कदर झूल रहा है कि कभी भी नहर के पानी से संपर्क हो सकता है। ऐसा होने पर पूरे नहर में करंट का संचार हो जाएगा तथा बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों की मानें तो इसकी जानकारी बिजली कंपनी के अधिकारी को कई बार दिया गया। बावजूद कंपनी के अधिकारी उदासीन बने हुए है। गांव के शारदा यादव, संतोष कुमार, बैजनाथ सिंह, छट्ठू सिंह समेत अन्य ने बताया कि नहर के पानी में अक्सर गांव के बच्चें स्नान करते हैं। ऐसे में बिजली ऐसे में लटकते झूलते तारों से कभी भी बड़ा हादसा से इंकार नहीं किया जा सकता है।






## छोटी खबरें

### गोलीबारी के अरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर

**बलिया।** जिले के टाउन थाना अंतर्गत रामपुर उदयभान गांव में गोली मारकर घायल करने के मुख्य आरोपी व 25,000 का इनामी अपराधी भानु दुबे ने शनिवार को कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। इस दौरान न्यायालय परिसर में भारी गहमागहमी की स्थिति रही। सीजेएम न्यायालय ने आरोपी भानु दुबे को जेल भेज दिया। बताया जाता है कि बीते दिनों टाउन थाना क्षेत्र के रामपुर उदयभान गांव में भानु दुबे अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर परमंदापुर निवासी एक अफसर को गोली मारकर घायल कर दिया था। उसके बाद से भानु दुबे सहित बाकी दो अन्य आरोपी फरार चल रहा था। इसके बाद पुलिस ने तीनों पर इनाम भी घोषित किया। लेकिन पुलिस के गिरफ्तारी के पूर्व ही शनिवार को भानु दुबे ने सीजेएम न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया।

### सपा विधायक के बेटे पर प्राथमिकी दर्ज

बलिया। रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार की रात कोतवाल और विधायक पुत्र रोहित के बीच हुए विवाद में रोहित यादव पर मुकदमा दर्ज किया गया है। शहर कोतवाल प्रवीण कुमार सिंह की तहरीर पर मुकदमा कायम हुआ है। विधायक पुत्र रोहित पर आरोप है कि सरकारी काम में बाधा डालने के साथ कोतवाल को धमकी दिया है। बताया जाता है कि बीते गुरुवार की रात बलिया रेलवे स्टेशन के पास वाहन खड़ा करने को लेकर कृष्णा विधायक संग्राम सिंह यादव के पुत्र रोहित और कोतवाल के बीच विवाद हो गया था। विवाद के दौरान कोतवाल यह भी कहते हुए नजर आए है कि सपा की सरकार नहीं है नोट कर लो। उसी मामले में शनिवार को कोतवाल की तहरीर पर विधायक पुत्र रोहित पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### गन्ने के खेत में मिली लावारिस मोटरसाइकिल

**बलिया।** जिले के मनियर थाना अंतर्गत मनियर कस्बा के वार्ड नंबर 6 निवासी डॉ. विनोद उपाध्याय के बेटे ने मनियर वार्ड नंबर 6 में ही अपने गन्ने के खेत में एक लावारिस मोटरसाइकिल को देखा। जिसकी सूचना उसने अपने पिता को दी। जिसके बाद चर्चा जंगल में आग की तरह फैल गई। इसकी सूचना 112 नंबर पुलिस को दी गयी। मनियर थाना के हल्का के सिपाहियों को भी जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस बाइक को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई। बाइक का नंबर यूपीएच1787 है। लोग इसे शराब के अवैध धंधे से जोड़कर देख रहे हैं।

# अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य आज, अफ्रीका व अमेरिका में भी होती थी सूर्य पूजा

- महर्षि भृगु के वंशज भार्गवों ने प्रारंभ की थी सूर्योपासना
- कई महाद्वीपों और इतिहासकारों की किताबों में मिला है सूर्योपासना का उल्लेख

**तिलक कुमार/बलिया**



सृष्टि का यह सामान्य नियम है कि दुनिया में उगते-चढ़ते सूर्य की पूजा होती है किन्तु उत्तर भारत के बड़े भू-भाग पर चार दिनों तक कठोर तप करते हुए डूबते सूर्य की पूजा करने की परम्परा है।

डाला छठ पर्व के संबंध में अध्यात्मतत्ववेता साहित्यकार डॉ. शिवकुमार सिंह कौशिकेय ने बताया कि सूर्य और षष्ठी तिथि के पूजन की परंपरा जो आज मात्र भोजपुरी व मैथिली क्षेत्र में सिमट गयी है। यह सूर्य पूजा कभी अफ़्रीका व अमेरिका महाद्वीप तक फैली थी। सूर्य पूजा की परम्परा आदित्य कुल के भार्गवों ने शुरू करायी। हिस्टोरियन हिस्ट्री ऑफ दी वर्ल्ड एवं मिश्र के पिरामिडो से मिले प्रमाणों के अनुसार महर्षि भृगु के वंशज भार्गवों ने जिन्हें इस महाद्वीप पर हिस्त्री, खूफू व मनस नामों से जाना गया। इन लोगों ने यहां सूर्य पूजा की परम्परा चलायी। इस तथ्य की जानकारी मिश्र के अलमरना मे हुई खुदाई से मिले पुरातात्विक साक्ष्यों और अमेरिकी विद्वानों कर्नल अल्काट, एडीमार, प्रो. ब्रुग्सवे के शोध ग्रन्थों से की जा सकती है। इसी प्रकार अमेरिका महाद्वीप पर 12 अक्टूबर, 1492 को जब क्रिस्टोफर कोलम्बस नाम के पुर्तगाली नाविक यहां पहुंचे थे, तब उनको सूर्य उपासना के प्रमाण मिले, इस महाद्वीप पर 10 लाख सूर्य पूजक इण्डियन (रेड इण्डियन) भारतीय मूल के भार्गवंशी मौजूद थे। जिनका कत्लेआम इस जमीन पर कब्जा करने के लिए यूरोपवासियों ने बड़ी बेरहमी से किया। इस तथ्य को अमेरिकी विद्वानों चेसली बैटी की पुस्तक अमेरिका बिफोर कोलम्बस , प्रो. हेम्बेरटो की पुस्तक - थाउजेण्ड इयर ओल्ड सिविलेजेशन इन अमेरिका, हेरिसन की पुस्तक 'इण्डिया इन द यूनाइटेड स्टेट' और कम्पाजेट की पुस्तक 'दी हेरिटेज आफ अमेरिका' में देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त अमेरिका के ग्वालेटा यूक्जाक्टन और मैक्सिको में हुई, पुरातात्विक खुदाईयों में भी इसके प्रमाण मिलते है। पौराणिक कथाओं के अनुसार जब पांडव जुएं में अपना सारा राजपाट हार गए, तब द्रौपदी ने छठ का व्रत रखा, फलस्वरूप पांडवों को अपना राजपाट मिल गया। मार्कण्डेय पुराण में छठ पर्व का वर्णन किया गया है। श्री कौशिकेय ने कहा कि भगवान सूर्य एकमात्र प्रत्यक्ष देवता हैं , इनकी उर्जा-उष्मा से ही प्रकृति में जीवन चक्र चलता है , इनकी किरणों से ही धरती में प्राण का संचार होता है । फल, फूल, अनाज, अंड और शुक्र का निर्माण होता है। इसी से वर्षा होती हैं व ऋतुओं का चक्र चलता है,

सूर्य अराधन के बिना बढे न तनु में तेज।

अंशुमान की किरण बिनु तन धारी निस्तेज॥

इस पर्व में सूर्य के साथ देवी षष्ठी की पूजा भी होती है। शिवपुराण के अनुसार भगवान शिव के पुत्र कुमार कार्तिकेय का जन्म तारकासुर वध के लिये हुआ था। जब यह बात तारकासुर को पता चला, तो वह कार्तिकेय की हत्या का प्रयास करने लगा। पार्वती ने कुमार कार्तिकेय को षष्ठी देवी छः देवियों को सौंप दिया, जिन्होंने उनका पालन किया। डॉ. कौशिकेय ने बताया कि राजा प्रियव्रत नि:संतान होने से दु:खी थे। उन्होंने महर्षि कश्यप से पुत्रेष्टि यज्ञ करवाया। यज्ञ के प्रभाव से महारानी गर्भवती हुई परंतु मृत बालक को जन्म दिया। राजा प्रियव्रत इससे अत्यंत दु:खी हुए और आत्महत्या करने हेतु तत्पर हुए। उसी समय एक देवी वहां प्रकट हुईं और कहा कि मैं षष्ठी देवी हूं, मेरी आराधना से पुत्र की प्राप्ति होती है। मेरी पूजा करो, तुम्हें पुत्र की प्राप्ति होगी। राजा ने छठ पूजा किया, तो उन्हें पुत्र की प्राप्ति हुई, तभी से छठ व्रत का अनुष्ठान चला आ रहा है। डॉ. कौशिकेय ने कहा कि मिथिला की श्रुति के अनुसार प्रभु श्रीराम ने राजतिलक के पश्चात महारानी सीता के साथ छठ व्रत किया था। जिससे उन्हें चक्रवर्ती राजा के नाते शासन की शक्ति मिली थी। जंगल में सीता जी ने छठ मईया की कृपा से ही अपने पुत्रों कुश -लव को जन्म दिया था। बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश एवं भारत के पड़ोसी देश नेपाल में हर्षोल्लास एवं नियम निष्ठा के साथ मनाया जाता है, षष्ठी माता एवं भगवान सूर्य को प्रसन्न करने से आरोग्य, संतान एवं राजसी वैभव की प्राप्ति होती है। स्त्री और पुरूष दोनों ही व्रत रखते हैं।

### चार दिनों का होता है यह महापर्व

व्रत चार दिनों का होता है, कार्तिक चतुर्थी को आत्म शुद्धि हेतु व्रत करने वाले केवल अरवा चावल, लौकी, अगस्त के फूल आदि का शुद्ध आहार लेते हैं। पंचमी के दिन नहाय खाय होता है, स्नान करके संध्या काल में गुड़ और नये चावल से खीर बनाकर फल और मिष्ठान से छठी माता की पूजा की जाती है। फिर व्रत करने वाले कुमारी कन्याओं को एवं ब्राह्मणों को भोजन करवाकर इसी खीर को प्रसाद को खाते हैं। षष्ठी के दिन घर में पवित्रता एवं शुद्धता के साथ उत्तम पकवान बनाये जाते हैं, संध्या को पकवानों को बांस के डलियां-दौरी में भरकर जलाशय के निकट यानी नदी, तालाब पर ले जाया जाता है। इन जलाशयों में ईख का घरौंदा वेदी बनाकर उसपर दीपक जलाया जाता है। व्रत करने वाले जल में खड़े होकर डालों को उठाकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। सूर्यास्त के पश्चात व्रती पूरी रात साधना करते हैं, तो कुछ व्रती घर भी वापस आ जाते हैं। रात्रि जागरण के बाद सप्तमी के दिन ब्रह्म मुहूर्त में पुनः बांस के डालों में पकवान, नारियल, केला, मिठाई लेकर नदी तट पर व्रती सपरिवार जाते हैं। जहां उगते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। अंकुरित चना हाथ में लेकर षष्ठी व्रत की कथा सुनी जाती है , कथा के बाद प्रसाद वितरण किया जाता है। व्रती सप्तमी को पारण करते हैं। लोकमान्यता के अनुसार षष्ठी माता और सूर्यदेव से जो मांगा जाता है वह मनोकामना पूरी होती है। वांछित कामना पूरी होने पर बहुत से लोग सूर्यदेव को दंडवत प्रणाम करते हैं। लोग अपने कुल देवी -देवता को प्रणाम कर नदी तट तक लेटकर जाते हैं।

# गंगा घाट जाने वाली सड़कों को जल्द से जल्द कराया जाए गड्ढा मुक्त : डीएम

- डीएम व एसपी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण, मातहतों को दिया निर्देश
- घाटों पर सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में गोताखरों व महिला पुलिस की होगी तैनाती

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



लोक आस्था का महापर्व डाला छठ पर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, सड़क मरम्मत, घाटों पर तैयारी को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन चौकन्ना है। इसके मद्देनजर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस कप्तान रोहन पी बोत्रे ने जनपद के विभिन्न घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही, संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

डीएम व एसपी ने शहर के ददरी घाट, चीतनाथ घाट, छोटा महादेव मन्दिर के पास घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को घाटों पर साफ-सफाई, बैरिकेटिग व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, घाटों पर नावों तथा उस पर तैनात गोताखोरों की व्यवस्था, सुरक्षा के दृष्टिगत भारी पुलिस फोर्स के साथ महिला आरक्षियों की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। साथ ही, घाटों पर लगाए गए नाविकों एवं गोताखोरों का पहचान पत्र जारी करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिया कि सभी घाटों पर अस्थायी कपड़ा चेन्जिग रूम तथा घाटों पर जाने वाली सड़कों को गड्ढा मुक्त करें। सभी घाटों पर साफ-सफाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि घाटों पर किसी प्रकार की दुकानें न लगाई जाएं जिनसे भीड़-भाड़ होने की संभावना हो।

उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को जनपद के प्रमुख घाटों पर एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। ऐसे घाट जहां भीड-भाड़ अधिक हो उन प्रमुख घाटों पर कंट्रोल रूम, खोया-पाया केंद्र बनाते हुए कर्मचारी तैनात करने का भी निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील किया कि त्यौहार को शान्तिपूर्ण ढ़ग से मनाएं। घाटों पर कम से कम व्यक्ति ही जाएं। मौके पर उप जिलाधिकारी सदर प्रतिभा मिश्रा, मुख्य राजस्व अधिकारी, सुशील लाल श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी आकाश कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, तहसीलदार सदर एवं अन्य संस्था के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### डाला छठ : खरना के साथ शुरू हुआ 36 घंटे का निर्जला उपवास

**गाजीपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरूआत 28 अक्टूबर से हो गई है। आज छठ पूजा का दूसरा दिन है। इसे खरना, शुद्धिकरण भी कहा जाता है। महिलाओं ने आज सुबह तीन बजे व्रत की शुरूआत की। कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा मनाई जाएगी। श्रद्धालु साक्षात देव भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर अपनी मनोकामनाओं को पूरा करने की गुहार लगाएंगे। 28 को नहाय खाय के साथ महापर्व का श्रीगणेश हुआ। 30 को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। 31 अक्टूबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन होगा। छठ पर्व की शुरूआत 28 अक्टूबर को चतुर्थी तिथि में नहाय खाय से हो गई है। 29 अक्टूबर यानी पंचमी तिथि यानि आज महिलाएं खरना करेंगी। इस दिन सुबह से लेकर शाम तक महिलाएं व्रत रखती हैं और सूर्यास्त के बाद मीठा भात या लौकी की खिचड़ी खाकर व्रत खोलती हैं। तीसरे दिन 30 अक्टूबर को षष्ठी पर्व पर व्रत रखने वाले सायंकाल गंगा तट पर या किसी जल वाले स्थान पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। दूसरे दिन भोर में 31 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत को पूर्ण किया जाएगा। पं. मालवीय ने बताया कि षष्ठी तिथि 30 अक्टूबर को प्रातः काल 5.49 बजे लग रही है जो 31 अक्टूबर को प्रातः काल 3.27 बजे तक रहेगी। 30 अक्टूबर को सूर्यास्त शाम को 5:38 बजे होगा और 31 अक्टूबर को सूर्योदय प्रातः 6:32 बजे होगा।

## एक नजर

### धान खरीद की तैयारी : जिले में 122 क्रय केंद्र खोलने का प्राप्त हुआ लक्ष्य



**गाजीपुर।** आगामी धान खरीद वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत जनपद में धान खरीद की तैयारियों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा)/जिला खरीद अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता, सचिव, कृषि उत्पादन मंडी समिति, जंगीपुर, डिपो प्रबंधक, भारतीय खाद्य निगम, जिला प्रबंधक, पीसीएफ एवं पीसीयू तथा गाजीपुर राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल हुए। आगामी धान खरीद के लिए जनपद को कुल 122 क्रय केंद्र खोले जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। गतवर्ष जनपद में कुल 131 क्रय केन्द्र संचालित थे। गतवर्ष विपणन शाखा के संचालित 31 केंद्रों के सापेक्ष इस वर्ष 31 क्रय केन्द्र, पीसीएफ के 15 केन्द्रों के सापेक्ष 14 केन्द्र, पीसीयू के 40 केंद्रों के सापेक्ष 10 केन्द्र, भारतीय खाद्य निगम के एक केन्द्र के सापेक्ष एक केन्द्र, कुल 56 केन्द्र अनुमोदित हुए हैं। जिलाधिकारी ने सभी एजेन्सियों को गतवर्ष संचालित केन्द्रों का प्रस्ताव प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। सचिव मंडी समिति द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 65 पावर डस्टर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त 65 पॉवर डस्टर तथा एनॉलिसिस किट शीघ्र उपलब्ध करा दिया जाएगा। चावल मिलों का पंजीयन व सत्यापन के संबंधित जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद स्थित क्रियाशील कुल 53 राइस मिलों में से 38 राइस मिलों में ब्लेंडर व सार्टेक्स उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने सभी ब्लेंडर एवं सार्टेक्सयुक्त मिलों का गहन परीक्षण कराते हुए केंद्रों से मिलों का सम्बद्धीकरण प्रस्ताव तत्काल प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। भंडारण व्यवस्था के संबंध में डिपो प्रबन्धक, भारतीय खाद्य निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में निगम के पास देवकठिया 10000 मी. टन नियमित भण्डारण क्षमता उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त गतवर्ष लगभग 18000 मी. टन अतिरिक्त भंडारण क्षमता सृजित करते हुए सीएमआर का भण्डारण कराया गया था। यूसुफपुर मंडी परिसर में एसडब्लूसी द्वारा 5000 मी. टन का गोदाम निमार्णाधीन है। निर्देशित किया गया कि गतवर्ष के सभी गोदामों का शीघ्र चिन्हांकन कर करते हुए यूसुफपुर मंडी में निमार्णाधीन गोदाम को 15 नवंबर 2022 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### छठ के मद्देनजर गरीब बच्चों के बीच कपड़ों और मिष्ठान का किया वितरण



**बलिया।** ग्राम सभा अपायल में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जाकिर हुसैन ने छठ के मद्देनजर बच्चों के बीच कपड़ों व मिष्ठान का वितरण किया। उन्होंने बताया कि हिंदू धर्म में छठ पूजा एक महापर्व है और हमने इस उपलक्ष पर गरीब बच्चों में कपड़ों का वितरण किया। ताकि गरीब और जरूरतमंद बच्चे भी इस महापर्व को बड़े ही धूमधाम से मना सके। आज के इस महंगाई के दौर में गरीब परिवार अपने बच्चों के लिए नए कपड़े नहीं खरीद पाते हैं। जिसके कारण वो अपने आप को बचपन से ही मुख्य धारा से अलग मानने लगते हैं। ऐसे में उनके दिमाग में ऐसे ख्यालात बचपन घर न करें, इसी मकसद से हमने गरीब बच्चों को कपड़े का वितरण किया। इस दौरान पिंटू अंसारी समाजसेवी, डॉ. मुस्तफा, अरविंद यादव, मनोज पाल, अरविंद कनौजिया, मकसूद आलम, मनीष गुप्ता, श्याम बिहारी, अमुला, फरियाद खान औरंगजेब खान जमशेद खान व दर्जनों लोग मौजूद।

### बीएसए के औचक चेकिंग, कई महिला शिक्षिका व बच्चे मिले अनुपस्थित



**गाजीपुर।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश के क्रम में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी हेमन्त राव ने डाला छठ पर्व के दौरान विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। शिक्षा क्षेत्र जमानिया के प्राथमिक विद्यालय सरैया एवं कम्पोजिट विद्यालय हेतिमपुर, क्षेत्र रेवतीपुर के प्राथमिक विद्यालय रमवल, उच्च प्राथमिक विद्यालय रमवल व कन्या कम्पोजिट विद्यालय सुहवल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय सरैया क्षेत्र जमानियाँ पर श्वेता राय स0अ0, मनीषा शर्मा स0अ0 बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाई गईं। उक्त दोनों अध्यापिकाओं का अनुपस्थित तिथि का वेतन अग्रिम आदेश तक बाधित किया गया। जिसके लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित समस्त स्टाफ को कठोर चेतावनी देते हुए छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। कम्पोजिट विद्यालय हेतिमपुर क्षेत्र जमानियां के निरीक्षण में सभी स्टाफ उपस्थित पाए गए तथा विद्यालय का परिवेश व छात्रों की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई। इसी क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय रमवल क्षेत्र रेवतीपुर के निरीक्षण के दौरान 144 छात्रों के नामांकन के सापेक्ष केवल 20 छात्र उपस्थित पाये गये।

## नगर में बनने वाले फोरलेन के लिए मंत्रालय ने दी 48 करोड़ 95 लाख स्वीकृत

- एनएचएआई ने इस योजना के लिए टेंडर कराने को लेकर शुरू की तैयारियां

**केटी न्यूज/बलिया**



नगर से सटे माल्देपुर से कदम चौराहा तक 4.445 किमी लंबाई में फोरलेन सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है। राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय की ओर से कुल 48.95 करोड़ स्वीकृत किया गया है। अब इसको लेकर एनएचएआई की ओर से जल्द ही टेंडर होगा। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही सीमांकन भी शुरू होगा। नगरवासियों को जल्द ही चकाचक फोरलेन सड़क मिलेगी। राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने सांसद की पहल पर माल्देपुर से कदम चौराहा तक फोरलेन बनाने व दोनों तरफ आरसीसी ढक्कन युक्त नाला बनाने के लिए 48.95 करोड़ की स्वीकृति दी है। एनएचएआई की ओर से इस कार्य के लिए टेंडर कराने को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। पहले चरण में यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य कराया जाएगा।

बताया जाता है कि जिले में करीब 90 किमी लंबी एनएच 31 सड़क है। अब नगर से गुजर रहे एनएच 31 के चौड़ीकरण कार्य होना तय हो गया है। एनएन 31 पर माल्देपुर से लेकर कदम चौराहा तक हमेशा जाम की स्थिति रहती है। टू लेन सड़क होने के कारण आए दिन जाम लगता है जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अब फोरलेन सड़क बन जाने के बाद समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। इस संबंध में आजमगढ़ एनएचएआई के परियोजना निदेशक एसपी पाठक ने बताया कि बलिया में माल्देपुर से लेकर कदम चौराहा तक की एनएच 31 को फोरलेन बनाया जाएगा। इसकी स्वीकृति मिली है, जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद अन्य कार्य कराए जाएंगे।

## भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह 5 नवंबर को परिवार न्यायालय में तलब

- इससे पहले तीन बार कोर्ट के नोटिस जारी करने के बावजूद नहीं प्रस्तुत हुए पवन सिंह

**केटी न्यूज/बलिया**

भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह चार साल पुराने विवाह बंधन बलिया के परिवार न्यायलय में पहुंच गया। उनकी पत्नी ज्योति सिंह ने भरण-पोषण के लिए परिवार न्यायालय में अर्जी दाखिल किया है। कोर्ट ने पवन को पांच नवम्बर को अपना पक्ष रखने के लिये न्यायालय में पेश होने नोटिस जारी किया है। बताया जाता है कि छह मार्च 2018 को पवन ने शहर के मिड्ढ़ी निवासी रामबाबू सिंह की पुत्री ज्योति शादी की थी। शादी समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय से करीब 15 किमी दूर चितबड़ागांव के एक होटल में हुआ था। शादी के लिए पवन सिंह शहर में कई दिनों तक रुके थे। दोनों के बीच के रिश्तों की दरार तब बाहर आयी जब पवन ने बिहार के आरा फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी दाखिल कर दी। इसके बाद ज्योति ने बीते 22 अप्रैल को परिवार न्यायालय में भरण-पोषण की अर्जी दाखिल कर दिया। ज्योति के अधिवक्ता पीयूष सिंह के अनुसार 22 अप्रैल को अर्जी दाखिल होने के बाद कोर्ट ने दो जून को पवन को प्रस्तुत होने के लिये नोटिस जारी किया। हालांकि वह निर्धारित तिथि पर नहीं पहुंच सके। इसके बाद सात जुलाई तथा एक अगस्त को नोटिस जारी हुआ।

# डेंगू अलर्ट : 82 सैंपल में से 75 के रिपोर्ट प्राप्त, 50 में डेंगू की पुष्टि

- राजकीय चिकित्सालय से डेंगू संदिग्ध मरीजों के भेजे जा रहे सैंपल
- प्लेटलेट्स का कम होना डेंगू नहीं, अन्य वायरल बीमारियों में भी प्लेटलेट्स कम हो सकता है

**केटी न्यूज/गाजीपुर**




जिले में डेंगू से बचाव के लिए सभी चिकित्सालय को सतर्क रखा गया है। इस क्रम में विगत दिनों राजकीय चिकित्सालय एवं निजी पैथोलॉजी से डेंगू संदिग्ध मरीजों के सैंपल नियमानुसार पुष्टि के लिए आईएमएसबीएचयू प्रेषित किए जा रहे हैं। अब तक भेजे गए 82 सैंपल में से 75 के परिणाम प्राप्त हो गए हैं। जिसमें जिले के 50 रोगियों में डेंगू धनात्मक की पुष्टि हुई है। सभी मरीज उपचार के पश्चात स्वस्थ हैं। जनपद के बाहर के चिकित्सालयों में उपचार के लिए गए मरीजों में से 19 मरीजों के डेंगू धनात्मक होने की सूचना प्राप्त हुई है। इस प्रकार जनपद में अब तक कुल 69 मरीज डेंगू धनात्मक पाए गए द्य सभी मरीजों की स्वास्थ्य के निरंतर निगरानी करते हुए निरोधात्मक कार्यवाही कराई जा रही है। अब सात मरीजों के सैंपल जो कल भेजे गए हैं, उनके परिणाम लंबित हैं। सभी चिकित्सालयों में जांच एवं उपचार के पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

त्योहारों के दौरान बाहर से आने वाले जनपद वासियों की आशा के द्वारा निगरानी हेतु सभी चिकित्सा अधीक्षक को पूर्व में निर्देशित किया जा चुका है कि यदि किसी भी व्यक्ति में डेंगू के लक्षण प्रतीत हो तो उनको तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संदर्भित किया जाए। आम जनता से भी अपील है की डेंगू के लक्षण जिसमें तेज बुखार जोड़ों में दर्द उल्टी मितली आदि की शिकायत हो तो घबराएं नहीं अति शीघ्र नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार कराए। प्लेटलेट्स का कम होना डेंगू का कोई लक्षण नहीं है अन्य वायरल बीमारियों में भी प्लेटलेट्स कम हो सकता है जोकि बीमारी दूर होने से अपने आप बढ़ जाता है। आम जनता से यह भी अपील है कि पूरे दिन अपने शरीर को ढक कर रखें तथा घरों के अंदर तथा आसपास कहीं भी किसी भी प्रकार के बर्तन टायर ट्यूब कंटेनर प्लास्टिक के सामान कूलर फ्रिज के कंडेंसेशन प्लेट में पानी इकट्ठा ना होने दें तथा उनकी नियमित सफाई करें।

याद रखें डेंगू फैलाने वाले मच्छर हमारे घरों के अंदर अंधेरे वाली जगह में ही रहते हैं और दिन में काटते हैं। यदि किसी को भी बुखार हो वह दिन में भी मच्छरदानी लगाकर सोए एवं पर्याप्त मात्रा में सुपाच्य भोजन करें। डेंगू के उपचार हेतु कोई विशेष दवा अथवा वैक्सीन नहीं है सिर्फ बुखार कम करने के लिए पैरासीटामोल का चिकित्सकों के परामर्श के अनुसार प्रयोग करना चाहिए। डिस्प्रिन अथवा आईबीब्रुफेन का प्रयोग बिल्कुल नहीं करना चाहिए। डेंगू स्वतः एक सप्ताह में ठीक हो जाने वाली बीमारी है। अत्यधिक प्रसार वाले जनपदों- प्रयागराज जौनपुर वाराणसी लखनऊ आदि की यात्रा के दौरान विशेष सावधानी बरतें।